आदरणीय महोदय / महोदया

अमर उजाला में प्रशिक्षुओं के चयन के लिए आपके संस्थान से उपयुक्त विद्यार्थियों के आवेदन आमंत्रित हैं। अमर उजाला का उद्देश्य कुशल पत्रकारों को तैयार करने में सहभागिता प्रदान करना है। इसके लिए कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया में आपका सहयोग अपेक्षित है।
अनुरोध है कि इसके लिए अपनी टीम को निर्देशित करने का कष्ट करें।
पूरी प्रक्रिया प्रेषित है।
शुभकामनाएं
------------------------

**प्रक्रिया**

- चयन के तीन चरण होंगे-
  1. पहला चरण - लिखित परीक्षा का होगा। यह संबंधित शिक्षण संस्थान के परिसर में होगा।
  2. दूसरा चरण - लिखित परीक्षा में निर्धारित अंक पाने वालों का नोएडा में ग्रुप डिस्कशन होगा।
  3. तीसरा चरण - उपयुक्त पाए जाए वालों का अंतिम चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा।
- पत्रकारिता या किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के वे विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकते हैं जिनके परीक्षा परिणाम अधिकतम जुलाई तक आ जाने की उम्मीद हो।
- इच्छुक विद्यार्थी को अपना संक्षिप्त बायोडाटा संबंधित शिक्षण संस्थान के सक्षम अधिकारी के पास निर्धारित परीक्षा तिथि के कम से कम तीन दिन पहले उपलब्ध कराना होगा।
- बायोडाटा के आधार पर अमर उजाला की टीम कैंपस परीक्षा के लिए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करेगी।
- प्रशिक्षुओं की उम्र सीमा अधिकतम 25 वर्ष निर्धारित है।

**अर्हता** -निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर वे लोग इसमें चयनित हो सकते हैं जिनका हिंदी पर अधिकार हो, अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद कर सकते हों, सामयिक विषयों की समझ हो और लिखने पढ़ने में रुचि हो।

**सूचना**

- अमर उजाला के कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया की सूचना (अमर उजाला के पोस्टर) शिक्षण संस्थान के नोटिस बोर्ड पर परीक्षा तिथि से दस दिन पहले लगवाए जाने की अनुमति संस्थान से अपेक्षित होगी।
- शिक्षण संस्थान अपने संचार माध्यमों के जरिए भी प्लेसमेंट ड्राइव की सूचना अपने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

**परीक्षा**

- लिखित परीक्षा की व्यवस्था संबंधित संस्थान की ओर से अपेक्षित है।
- प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका अमर उजाला की टीम उपलब्ध कराएगी।
- जिन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है उन्हें ही परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।

**फीस/वेतन**

- पूरी चयन प्रक्रिया निःशुल्क होगी। रजिस्ट्रेशन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- लिखित परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को अपने खर्च पर अगले चरण के लिए नोएडा आना होगा।
- चयनित विद्यार्थियों को कुशल पत्रकार बनाने के लिए अमर उजाला एक साल का प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- इसमें मुख्य रूप से डेस्क के कार्यों के अनुरूप संपादन कला, समाचार लेखन शैली, अनुवाद, पृष्ठ साज सज्जा (ले आउट) आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान डिजिटल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- प्रशिक्षण अवधि के दौरान मानदेय के तौर पर शहर के अनुरूप प्रतिमाह 18,000 से 20,000 रुपये दिए जाएंगे।
- प्रशिक्षण अमर उजाला के किसी भी यूनिट मुख्यालय में दिया जाएगा।
- इन सभी मूल्यांकनों में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर रिक्तियों के अनुरूप स्थायी कर्मचारी के तौर पर नियुक्ति की निर्धारित प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है।

---